आनंदालय
अभ्यास परीक्षा
कक्षा : दसवीं

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : ८0
दिनांक: 31-01-2024 | निर्धारित समय : 3 घंटे

सामान्य निर्देश:
- इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'
- खंड 'अ' में उप प्रश्नों सहित कुल 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं , आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं |
- दिए गए निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
- दोनों खंडों में कुल 18 प्रश्न दिए गए है | दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
- यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

## खंड – 'अ' वस्तुपरक –प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5X1=5)

सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किए गए आचरण और प्रयत्नों का नाम ही धर्म है। देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में भारी विविधता है, अतएव अपने-अपने ढंग से जीवन को पूर्णता की ओर ले जाने वाले विविध धर्मों के बीच भी ऊपर से विविधता दिखाई देती है। आदमी का स्वभाव है कि वह अपने ही विचारों और जीने के तौर-तरीकों को तथा अपनी भाषा और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है तथा चाहता है कि लोग उसी का अनुसरण और अनुकरण करें, अतएव दूसरों से अपने धर्म को श्रेष्ठतर समझते हुए वह चाहता है कि सभी लोग उसे अपनाएँ। इसके लिए वह ज़ोर-ज़बरदस्ती को भी बुरा नहीं समझता।

धर्म के नाम पर होने वाले जातिगत विद्वेष, मारकाट और हिंसा के पीछे मनुष्य की यही स्वार्थ-भावना काम करती है। सोचकर देखिए कि आदमी का यह दृष्टिकोण कितना सीमित, स्वार्थपूर्ण और गलत है। सभी धर्म अपनी-अपनी भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आवश्यकताओं के आधार पर पैदा होते, पनपते और बढ़ते हैं, अतएव उनका बाह्य स्वरूप भिन्न-भिन्न होना आवश्यक और स्वाभाविक है, पर सबके भीतर मनुष्य की कल्याण-कामना है, मानव-प्रेम है। यह प्रेम यदि सच्चा है, तो यह बाँधता और सिकोड़ता नहीं, बल्कि हमारे हृदय और दृष्टिकोण का विस्तार करता है, वह हमें दूसरे लोगों के साथ नहीं, समस्त जीवन-जगत के साथ जोड़ता है। स्पष्ट है कि ऊपर से भिन्न दिखाई देने वाले सभी धर्म अपने मूल में मानव-कल्याण की एक ही मूलधारा को लेकर चले और चल रहे हैं।

हम सभी इस सच्चाई को जानकर भी जब धार्मिक विद्वेष की आँधी में बहते हैं, तो कितने दुर्भाग्य की बात है। उस समय हमें लगता है कि चिंतन और विकास के इस दौर में आ पहुँचने पर भी मनुष्य को उस जंगली-हिंसक अवस्था में लौटने में कुछ भी समय नहीं लगता; अतएव उसे निरंतर यह याद दिलाना होगा कि धर्म मानव-संबंधों को तोड़ता नहीं, जोड़ता है इसकी सार्थकता प्रेम में ही है।

(i) गद्यांश के आधार पर धर्म की क्या परिभाषा है ?
(क) सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किया गया उत्तम आचरण और प्रयत्न ही धर्म है।
(ख) नीतियों का पालन करना ही धर्म है।
(ग) नियमित पूजा अर्चना उपवास आदि करना ही धर्म है।
(घ) उक्त सभी कथन सत्य हैं।

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :-

(i) देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में बहुत समानता है।

(ii) आदमी अपने विचारों तथा भाषा और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है।

(iii) सच्चा प्रेम बाँधता और सिकोड़ता नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(क) केवल (i) (ख) केवल (ii) (ग) (i) और (ii) (घ) (ii) और (iii)

(iii) गद्यांश के आधार पर हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है -

(क) ईश्वर में आस्था नहीं रखना।

(ख) देश का विकास नहीं करना।

(ग) धर्म के विषय में सब कुछ जानकर भी धार्मिक विद्वेष की आँधी में बहना।

(घ) धनार्जन नहीं कर पाना।

(iv) गद्यांश के आधार पर धर्म के नाम पर जातिगत विद्वेष, मारकाट और हिंसा करने के पीछे मनुष्य की कौन-सी भावना होती है?

(क) मोह की भावना (ख) स्वार्थ की भावना (ग) त्याग की भावना (घ) तृष्णा की भावना

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन (A): धर्म मानव के संबंधों को तोड़ता नहीं बल्कि जोड़ता है।

कारण (R): इसकी सार्थकता प्रेम में नहीं है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

2 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (5X1=5)

कई लोग असाधारण अवसर की बाट जोहा करते हैं। साधारण अवसर उनकी दृष्टि में उपयोगी नहीं रहते, परंतु वास्तव में कोई अवसर छोटा-बड़ा नहीं है। छोटे-से-छोटे अवसर का उपयोग करने से, अपनी बुद्धि को उसी में भिड़ा देने से, वही छोटा अवसर बड़ा हो जाता है। सर्वोत्तम मनुष्य वे नहीं हैं, जो अवसरों की बाट देखते रहते हैं, परंतु वे हैं, जो अवसर को अपना दास बना लेते हैं। हमारे सामने हमेशा ही अवसर उपस्थित होते रहते हैं। यदि हम में इच्छा-शक्ति है, काम करने की ताकत है, तब तो हम स्वयं ही उनसे लाभ उठा सकते हैं। अवसर न मिलने की शिकायत कमज़ोर मनुष्य ही करते हैं। जीवन अवसरों की एक धारा है। स्कूल, कॉलेज का प्रत्येक पाठ, परीक्षा का समय, कठिनाई का प्रत्येक पल, सदुपदेश का प्रत्येक क्षण एक अवसर है। इन अवसरों से हम नम्र हो सकते हैं, ईमानदार हो सकते हैं, मित्र बना सकते हैं, उत्तरदायित्वों का मूल्य समझ सकते हैं और इस प्रकार उच्च मनुष्यता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे अनेक लोग हैं, जो अवसर को पकड़कर करोड़पति हो गए, परंतु अवसरों का क्षेत्र यहाँ समाप्त नहीं हो जाता। अवसर का उपयोग करके हम इंजीनियर, डॉक्टर, कला-विशारद, कवि और विद्वान भी बन सकते हैं। यद्यपि अवसरों के उपयोग से धन कमाना अच्छा काम है, परंतु धन से भी कहीं श्रेष्ठ कार्य सामने है। धन ही जीवन के प्रयत्नों का अंत नहीं है, जीवन के लक्ष्य की चरम सीमा नहीं है। अवसरों के सदुपयोग से हम सर्वदृष्टि से महत्त्वपूर्ण इंसान बन सकते हैं।

(i) छोटा अवसर भी कब बड़ा और असाधारण हो जाता है ?

(क) जब हम में उससे लाभ उठाने की क्षमता हो।

(ख) जब हम बड़े अवसर की प्रतीक्षा में उसकी अपेक्षा नहीं करते।

(ग) जब आलस्य के कारण उसके उपयोग से वंचित नहीं होते।

(घ) जब हम पूरी लगन से उसका भरपूर उपयोग करते हैं।

(ii) अवसर का लाभ उठाया जा सकता है-

(क) अवसर की राह देखने से। (ख) अनेक अवसरों में उपयोगी अवसर की पहचान से।

(ग) कठिनाइयों को सहन करने से। (घ) कार्य करने की उत्कृष्ट लालसा एवं शक्ति के भरपूर उपयोग से ।

(iii) जीवन को अवसरों की एक धारा कहा है क्योंकि -

(क) धारा जीवन को विनाश की ओर बहा सकती है। (ख) जीवन की जिम्मेदारियों का बोध करा सकती है।

(ग) जीवन में प्रत्येक क्षण अवसर प्राप्त होते रहते हैं। (घ) धारा जीवन में अच्छे मित्र दे सकती है।

(iv) गद्यांश हमें संदेश देता है-

(क) हमें महान बनने के लिए उचित अवसर का उपयोग करना चाहिए।

(ख) अवसरों का सदुपयोग करके हम महान इंसान बन सकते हैं।

(ग) हमें अवसरों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

(घ) हम धन कमाकर अच्छा इनसान बन सकते हैं।

(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कवन (A): अवसर न मिलने की शिकायत कमजोर मनुष्य करते हैं।

कारण (R): कमजोर मनुष्य अवसरों का उपयोग नहीं करते लेकिन उचित अवसर न मिलने की शिकायत करते हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) 'वे माँ से कहानी सुनते रहते हैं।' वाक्य में क्रिया पदबंध है -

(क) वे माँ से (ख) माँ से कहानी (ग) सुनते रहते हैं (घ) कहानी सुनते

(ii) <u>वह माली से आँख बचाकर</u> आम तोड़ लाया' वाक्य में रेखांकित पदबंध है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(iii) '<u>दिनरात परिश्रम करने वाला व्यक्ति</u> असफ़ल नहीं हो सकता |' वाक्य में रेखांकित पदबंध है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(iv) '<u>जो लड़की नाच रही है, वह</u> सुजाता की बहन है |' वाक्य में रेखांकित पदबंध है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(v) <u>बर्फ़ से ढकी घाटी के चारों ओर</u> अनेक वृक्ष हैं |

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रिया विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन -सा सयुंक्त वाक्य है ?

(क) जिसका मुझे भय था, वही हुआ | (ख) गीता व्यस्त थी अत: मेरे घर नहीं आई |

(ग) उसने कहा कि मैं निर्दोष हूँ | (घ) पढ़ाई और खेलकूद साथ-साथ चलते हैं |

(ii) 'धीरे-धीरे चलो वरना चप्पल टूट जाएगी |'- वाक्य-रचना की दृष्टि से है :-

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(iii) 'शालिनी श्रीमती वर्मा के यहाँ गणित पढ़ने गई है |' - वाक्य का मिश्रित रूप है :-

(क) शालिनी श्रीमती वर्मा के कारण गणित पढ़ने गई है |

(ख) शालिनी श्रीमती वर्मा के यहाँ गई है क्योंकि उसे गणित पढ़ना है|

(ग) शालिनी श्रीमती वर्मा के पास गणित पढ़ने गई है |

(घ) शालिनी श्रीमती वर्मा के यहाँ गई है अर्थात उसे गणित पढ़ना है|

(iv) "सच बोलने वाले व्यक्ति को कोई नहीं डरा सकता"-रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद है :-

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(v) वाक्य संरचना के लिए आवश्यक तत्व कौन-से हैं -

(क) कर्ता-कर्म (ख) क्रिया-वशेषण (ग) संज्ञा-सर्वनाम (घ) उद्देश्य-विधेय

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (4X1=4)

(i) 'जनांदोलन ' में कौन-सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(ii) 'नतमस्तक ' समस्तपद विग्रह और भेद है -

(क) नट का मस्तक - तत्पुरुष समास (ख) नत है मस्तक जिसका - बहुव्रीहि

(ग) नत है जो मस्तक - कर्मधारय समास (घ) नथ और मस्तक - द्वंद्व समास

(iii) द्वंद्व समास का उपयुक्त उदाहरण है -

(क) घडी-घडी (ख) हवन-सामग्री (ग) सुख-दुःख (घ) दुःख-रात्रि

(iv) महँगाई <u>दिनोंदिन</u> बढ़ती जा रही है - रेखांकित समस्तपद में कौन-सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) अव्ययीभाव समास (ग) द्विगु समास (घ) कर्मधारय समास

(v) बहुव्रीहि समास का उपयुक्त उदाहरण है -

(क) पंचतत्व (ख) महाराजा (ग) बेईमान (घ) दशानन

6. निर्देशानुसार 'मुहावरों ' पर आधारित छह बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

(i) 'कठिन काम करना' - अर्थ के लिए मुहावरा है -

(क) पहाड़ हिलाना (ख) लोहे के चने चबाना (ग) उलझन में पड़ना है (घ) टूट पड़ना

(ii) तलवार के एक ही वार से भारतीय सैनिक ने शत्रु का ___ - उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए |

(क) काम खराब कर दिया (ख) काम बेकार कर दिया

(ग) नुक्सान कर दिया (घ) काम तमाम कर दिया

(iii) तुम्हें तो हर किसी में अच्छाई ही नज़र आती है |सच ही कहा है ______ - रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए -

(क) दूर के ढोल सुहावने (ख) आप भला तो जग भला

(ग) अंत भले का भला (घ) खग की भाषा खग ही जाने

(iv) 'बीड़ा उठाना' - मुहावरे का अर्थ है -

(क) चुनौती स्वीकार करना (ख) ज़िम्मेदारी उठाना (ग) शुभारंभ करना (घ) हाथ-पाँव चलाना

(v) 'छठी का दूध याद आना' - मुहावरे का अर्थ है -

(क) बुरी तरह हराना (ख) कलंक लगना (ग) भूखों मरना (घ) भारी संकट में पड़ना

(vi) कल राजौरी में आतंकवादियों के साथ सेना की जमकर _______ हो गई |-उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -

(क) आँखे चार होना (ख) मुट्ठी गरम (ग) मुठ्भेड़ होना (घ) चक्कर खा जाना

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए - (5X1=5)

मेरा त्राण करो अनुदिन तुम यह मेरी प्रार्थना नहीं
बस इतना होवे (करुणायम)
तरने की हो शक्ति अनामय ।
मेरा भार अगर लघु करके न दो सांत्वना नहीं सही।
केवल इतना रखना अनुनय-
वहन कर सकूँ इसको निर्भय ।
नत शिर होकर सुख के दिन में
तव मुख पहचानूँ छिन-छिन में।
दुःख-रात्रि में करे वंचना मेरी जिस दिन निखिल मही
उस दिन ऐसा हो करुणामय, तुम पर करूँ नहीं कुछ संशय ।।

(i) कवि दुखों के भार को किस प्रकार वहन करना चाहता है ?

(क) सभय होकर (ख) निर्भय होकर (ग) शाक्तिशाली होकर (घ) शक्तिहीन होकर

(ii) कवि प्रभु से कौन-सी शक्ति माँग रहा है ?

(क) संघर्ष करने की (ख) प्रेम रस की (ग) प्रेम भक्ति की (घ) विरोध करने की

(iii) तव मुख पहचानूँ का आशय है-

(क) दुख के दिनों में ईश्वर को स्मरण करना (ख) सिर झुकाना
(ग) सुख के दिनों में भी ईश्वर को स्मरण करना (घ) अपनों को पहचानना

(iv) उपर्युक्त काव्यांश से संबंधित कौन-सा कथन असत्य है ?

(क) रोग मुक्त होकर भवसागर पार करने की शक्ति बनी रहे। (ख) दुख के दिन भी ईश्वर का ध्यान करूँ।
(ग) धोखा मिलने पर भी ईश्वर पर संदेह न करूँ। (घ) ईश्वर पर से विश्वास कभी न डगमगाए ।

(v) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है ?

(क) आत्मत्राण (ख) कर चले हम फ़िदा (ग) मनुष्यता (घ) तोप

8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2X1=2)

(i) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' । पंक्ति में 'हिमालय' को किसका प्रतीक माना गया है?

(क) ऊँचे पर्वत शिखर का (ख) भारत की उत्तरी सीमा का
(ग) भारत के मान-सम्मान एवं अस्मिता का (घ) एक विशेष प्रकार के पर्वत का

(ii) खूँ से जमीं पर लकीर खींचने का आशय है-

(क) खून बहाना (ख) अपने बलिदान से सीमा की रक्षा करना
(ग) रक्त से रेखा खींचना (घ) शत्रुओं का नाश करना

9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सर्वाधिक सटीक विकल्प का चयन कीजिए- (5X1=5)

हमारे जीवन की रफ्तार बढ़ गई है। यहाँ कोई चलता नहीं, बल्कि दौड़ता है। कोई बोलता नहीं, बकता है। हम जब अकेले पड़ते हैं, तब अपने आप से लगातार बड़बड़ाते रहते हैं। अमेरिका से हम प्रतिस्पर्धा करने लगे। एक महीने में पूरा होने वाला काम एक दिन में पूरा करने की कोशिश करने लगे। वैसे भी दिमाग़ की रफ़्तार हमेशा तेज़ ही रहती है। उसे 'स्पीड' का इंजन लगाने पर वह हज़ार गुना अधिक रफ़्तार से दौड़ने लगता है। फिर एक क्षण ऐसा आता है जब दिमाग़ का तनाव बढ़ जाता है और पूरा इंजन टूट जाता है। यही कारण है जिससे मानसिक रोग यहाँ बढ़ गए हैं।
अक्सर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं। हम या तो भूतकाल में रहते हैं या भविष्यकाल में। असल में दोनों ही काल मिथ्या हैं। एक चला गया है, दूसरा आया नहीं है। हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है। उसी में जीना चाहिए। चाय पीते-पीते उस दिन दिमाग से भूत और भविष्य दोनों ही काल उड़ गए थे। केवल वर्तमान क्षण सामने था और वह अनंतकाल जितना विस्तृत था।

(i) गद्यांश में मानसिक रोगों के बढ़ने का कारण बताया गया है-

(i) अमेरिका से प्रतिस्पर्धा करना। (ii) तेज़ रफ़्तार से दौड़ते दिमाग का तनाव।

(iii) सामर्थ्य से अधिक कार्य करने का दबाव। (iv) खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहना।

(क) केवल (1) (ख) (i) और (ii) (ग) (i), (ii) और (iv) (घ) केवल (iii)

(ii) जीवन की रफ़्तार बढ़ने का अर्थ है -

(क) प्रतियोगी होना। (ख) दूसरों को हराना।

(ग) तीव्र गति से कार्य का निष्पादन करना। (घ) जल्दी बूढ़ा होना ।

(iii) 'दोनों ही काल मिथ्या हैं' इसका तात्पर्य है-

(क) समय सदा सत्य नहीं रहता। (ख) व्यक्ति का नियंत्रण केवल वर्तमान पर रहता है।

(ग) दोनों ही काल झूठे हैं। (घ) व्यक्ति को खट्टी-मीठी यादों में नहीं रहना चाहिए।

(iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

कथन (A): हमारे सामने जो वर्तमान क्षण है, वही सत्य है।

कारण (R): हमारे सामने जो वर्तमान होता है। वर्तमान क्षण ही सत्य है। हमें उसी में जीना चाहिए।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है। (

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सहीं हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(v) अनंतकाल के विस्तृत होने का कारण था-

(क) समय व्यतीत नहीं हो पाने के कारण। (ख) लेखक के बोर होने के कारण।

(ग) लेखक केवल वर्तमान के बारे में ही सोच पा रहा था। (घ) आकाश का दूसरा नाम अनंत है।

10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (2X1=2)

(i) ततँारा-वामीरो कथा के माध्यम से समाज की एक भीषण समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है | उपयुक्त विकल्प के माध्यम से चुनकर लिखिए-

(i) जाति-प्रथा (ii) बेमेल-विवाह (iii) विवाह के परंपरागत नियम (iv) दहेज प्रथा

(क) केवल (i) (ख) (i) और (ii) (ग) (ii) और (iv) (घ) केवल (iii)

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'कारतूस' पाठ के संदेश को दर्शाता है -

(क) देश की आजादी की कीमत पहचानना एवं उसकी रक्षा करना। (ख) देश को उन्नति के शिखर पर पहुँचाना।

(ग) देश के आर्थिक विकास में मदद करना। (घ) देश के सामाजिक विकास में मदद करना।

**खंड - 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

11 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) 'बड़े भाई साहब' पाठ के माध्यम से आपने उस समय की शिक्षा पद्धति के बारे में जाना । लेखक ने समूची शिक्षा पद्धति पर व्यंग्य किया है। क्या आप उनके विचार से सहमत हैं ? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'तीसरी कसम के शिल्पकार' शैलेन्द्र का दृढ़ मन्तव्य था कि दर्शकों की रुचि की आड़ में हमें उथलेपन को उन पर नहीं थोपना चाहिए। कलाकार का यह कर्तव्य भी है कि वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करने का प्रयत्न करे। क्या आप इससे सहमत हैं ? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(iii) हम खुद अपना विकास करें और साथ –साथ दूसरों का भी विकास करें। ऐसी भावना हमारे अंदर होनी चाहिए। लेकिन ऐसी भावना आदर्शवादी लोगों के पास होती है। इस पाठ्यक्रम में पढ़े गए पाठ 'गिन्नी का सोना' के आधार पर बताइए कि आदर्शवादी लोगों ने समाज को क्या दिया है? क्या सचमुच उन्होंने समाज को कुछ दिया है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

12 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) 'कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं, सर हिमालय का हमने न झुकने दिया।' इन पंक्तियों को ध्यान में रखकर बताइए कि कविता में कवि ने किस प्रकार की मृत्यु को श्रेष्ठ बताया है ?

(ii) कवि मैथिलीशरण गुप्त ने कहा – ''अनर्थ है कि बंधु ही न बंधु की व्यथा हरे।'' इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए वर्तमान समय में इसका औचित्य स्थापित कीजिए।

(iii) मीरा श्रीकृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती है ? उनका लक्ष्य सांसारिक सुखों की प्राप्ति क्यों नहीं है ? मीरा के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए – (2x3=6)

(i) हरिहर काका के परिवार वालों का बदलता व्यवहार आपको क्या सोचने के लिए मजबूर करता है ? कहानी के आधार पर बताइए।

(ii) 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों का खेलकूद में अधिक रुचि लेना अभिभावकों को अप्रिय क्यों लगता था? पढ़ाई के साथ खेलों का छात्र जीवन में क्या महत्त्व है और इससे किन जीवन मूल्यों की प्रेरणा मिलती है?

(iii) टोपी शुक्ला के एक ही कक्षा में दो बार फेल हो जाने पर अध्यापक तथा छात्र उसके साथ कैसा व्यवहार करते थे ?

14 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – (1x5=5)

**(क) सादा जीवन उच्च विचार**

- उच्च विचारों का जीवन में महत्व
- महापुरुषों के जीवन से उदाहरण
- उच्च विचारों का अभाव और जीवन में नीरसता
- उपसंहार

(ख) **किसी खेल का आँखों देखा वर्णन**

- खेल का परिचय / भूमिका
- आयोजन कहाँ और किस-किसके बीच
- रोमांचक खेल और जोशीले खिलाडियों का वर्णन
- निष्कर्ष

(ग) **जी** 20 **और भारत**

- जी 20 क्या है?
- गठन का कारण
- कार्यशैली और भारत की भूमिका
- निष्कर्ष

15 (क) आप शौर्य शर्मा/शारवी शर्मा हैं। नवभारत टाइम्स के संपादक को लगभग 80 -100 शब्दों में पत्र लिखिए जिसमें सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के सुझाव हों। (1x5=5)

**अथवा**

(ख) अपने क्षेत्र में पेय जल की समस्या का उल्लेख करते हुए दिल्ली जल बोर्ड के प्रबंधक को लगभग 80 -100 शब्दों में पत्र लिखिए।

16. (क) विद्यालय द्वारा चिकित्सा जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य संगठन के सचिव होने के नाते कक्षा (1x4=4)

छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों को कार्यक्रम के विवरण सहित इसकी सूचना प्रदान कीजिए।

**अथवा**

(ख) संस्कृति क्लब की ओर से 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी देते हुए तथा सहभागिता के लिए प्रेरित करते हुए अध्यक्ष की ओर से सूचना लिखिए।

17 (क) उत्तम स्वास्थय के लिए योग को बढ़ावा देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए। (1x3=3)

**अथवा**

(ख) 'रॉयल पेंट कंपनी' के प्रचार –प्रसार हेतु लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

18 (क) 'परोपकार का फल' विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक लघु कथा लिखिए। (1x5=5)

**अथवा**

(ख) आपने एक सप्ताह पहले लोकप्रिय कंपनी का ए.सी. खरीदा वह ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है और आपकी परेशानियाँ बढ़ गई हैं। कंपनी के प्रबंधक को उसे बदलने के लिए लगभग 100 शब्दों में ईमेल लिखिए।